प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 17.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के एनआईटी जमशेदपुर दीक्षांत समारोह में आगमन को लेकर सरायकेला जिला प्रशासन अलर्ट मोड में, अवैध अतिक्रमण हटाने के दिए गए सख्त निर्देश।
2. एसीबी ने जमीन, शराब घोटाले और आय से अधिक संपत्ति मामले में आरोपी विनय सिंह से हजारीबाग जेल में की पूछताछ।
3. झारखंड सरकार ने राज्य में 21 गंभीर बीमारियों के इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने का लिया निर्णय, अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत अस्पतालों में मिलेगी सुविधा।
4. उत्तर–पश्चिमी पछुआ हवाओं के प्रभाव से रांची समेत राज्य के कई इलाकों में ठंड बढ़ने की संभावन, मौसम विभाग के अनुसार मकर संक्रांति तक बना रहेगा ठंड का असर।
5. एशियन यूथ पैरा गेम्स में पदक जीतने वाले झोंगो पहान का खूंटी में हुआ भव्य स्वागत, उन्होंने ओलंपिक स्तर पर देश के लिए पदक जीतने का दोहराया संकल्प।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर के 15वें दीक्षांत समारोह में आगमन को लेकर सरायकेला जिला प्रशासन अलर्ट मोड में है। इस के तहत कल उपायुक्त नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में वरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की गई जिस में प्रशासन ने आदित्यपुर स्थित आकाशवाणी चौक से एनआईटी मेन गेट तक सड़क किनारे किए गए अवैध अतिक्रमणों को हटाने का सख्त निर्देश दिया। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि निर्देशों का पालन नहीं होने पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जाएगा ताकि राष्ट्रपति की सुरक्षा और काफिले का सुचारू आवागमन सुनिश्चित किया जा सके।

****

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने जमीन और शराब घोटाले सहित आय से अधिक संपत्ति मामले में आरोपित नेक्सजेन ऑटोमोबाइल के मालिक विनय सिंह से हजारीबाग जेल में पूछताछ की। पूछताछ के दौरान एसीबी ने हजारीबाग वन भूमि घोटाले, निलंबित आईएएस विनय कुमार चौबे से जुड़े वित्तीय लेन–देन और बैंक खातों के माध्यम से हुए करोड़ों के भुगतान पर विस्तृत सवाल किए। इसी बीच झारखंड शराब घोटाले मामले में जमशेदपुर के वर्तमान डीसी आईएएस कर्ण सत्यार्थी का 164 बीएनएस एक्ट के तहत बयान मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज किया गया। अपने बयान में कर्ण सत्यार्थी ने शराब घोटाले से जुड़े कई अहम खुलासे करते हुए तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे की भूमिका पर गंभीर सवाल उठाए हैं।

****

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दो तरह के आवास बनाकर लोगों को आवासित किया जा रहा है।

****

झारखंड सरकार ने राज्य में ही 21 गंभीर बीमारियों के उपचार की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है, जिससे मरीजों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के तहत रिम्स, सदर अस्पताल रांची, धनबाद और जमशेदपुर के सरकारी अस्पतालों सहित चयनित निजी अस्पतालों में यह इलाज सुलभ होगा। सिकल सेल एनीमिया के इलाज के लिए सदर अस्पताल रांची में सीएमसी वेल्लोर के सहयोग से बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा भी शुरू की जाएगी।

****

खूंटी ज़िले में ई–कल्याण छात्रवृत्ति का भुगतान दो वर्षों से लंबित रहने के विरोध में छात्र–छात्राओं ने विरोध मार्च निकाला और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। एबीवीपी नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जल्द भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन को राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक तेज किया जाएगा।

****

केंद्र सरकार ने कल लोकसभा में विकसित भारत–रोजगार और आजीविका गांरटी मिशन– ग्रामीण–वी.बी.जी.राम.जी विधेयक पेश किया। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सदन में विधेयक पेश किया। हमारे

संवाददाता ने बताया है कि विधेयक विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के अनुरूप ग्रामीण विकास की रूपरेखा स्थापित करेगा।

****

पूर्व लोकसभा उपाध्यक्ष कड़िया मुंडा ढाई हफ्ते के इलाज के बाद डिस्चार्ज होकर अपने खूंटी स्थित आवास लौट आए हैं। उनके निजी सचिव के अनुसार फिलहाल उन्हें ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है और जिले के सिविल सर्जन डॉ. नागेश्वर मांझी और के.एस. गंगा अस्पताल के डॉ. अंजीव नयन की टीम उनके स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी करेगी।

****

उत्तर–पश्चिमी पछुआ हवाओं के सक्रिय होने से आने वाले दिनों में राजधानी रांची समेत राज्य के विभिन्न इलाकों में ठंड बढ़ने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार सुबह के समय कुहासे और दिन में आंशिक बादलों के बीच ठंड का असर मकर संक्रांति तक बने रहने की संभावना जताई गई है। पिछले 24 घंटों में राज्य का मौसम साफ और शुष्क रहा और इस दौरान रांची में अधिकतम तापमान 27.8 डिग्री और न्यूनतम तापमान 6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

****

दुबई में आयोजित एशियन यूथ पैरा गेम्स 2025 के युगल स्पर्धा में स्वर्ण और व्यक्तिगत स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले झोंगो पहान का खूंटी में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ग्रामीणों ने ढोल–नगाड़ों, तिरंगा और जुलूस के साथ विजेता खिलाड़ी का स्वागत किया। झोंगो पहान और उनके कोचों ने इसे सामूहिक मेहनत का परिणाम बताते हुए भविष्य में ओलंपिक स्तर पर देश के लिए पदक जीतने का संकल्प दोहराया।

****

<u>और अब अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर की सुर्खी है– केंद्रीय मंत्री ललन सिंह से मिलीं दीपिका पांडेय, राज्य के पैसे मांगे।

दैनिक भास्कर ने लिखा है – 34 लाख बच्चों के स्कूलों में साफ–सफाई फंड शून्य, हैंडवॉश, झाडू–साबुन तक नहीं।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– रिम्स और सदर में होगा 21 गंभीर बीमारियों का इलाज।

दैनिक जागरण ने यमुना एक्सप्रेसवे पर भिड़े 11 वाहन, नौ में लगी आग, 13 जिंदा जले 100 से अधिक घायल की खबर को अपने पहले पन्ने में प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

****